दुभाषिए एवं अनुवादक

यदि आपको अँग्रेज़ी बोलने या समझने में कठिनाई होती है, या आप बिल्कुल नहीं सुन पाते हैं, ऊँचा सुनते हैं या आपको बोलने में समस्या है तो NCAT (न्यू साऊथ वेल्ज़ की सिविल व प्रशासनिक ट्राईब्यूनल) में आपकी सहायता करने के लिए दुभाषिए का प्रबंध किया जा सकता है ।

दुभाषिए के लिए निवेदन करना

यदि आप कार्यवाही में हिस्सा ले रहे पक्षों में से हैं और आपको दुभाषिया चाहिए तो NCAT आपके लिए उसका प्रबंध कर सकती है। यह सेवा नि:शुल्क है।

कार्यवाही में हिस्सा ले रहे पक्षों के जिन लोगों को सुनने या बोलने में कठिनाई होती है उनके लिए ऑस्ट्रेलियाई सांकेतिक भाषा ऑस्लैन (Australian Sign Language) के दुभाषियों का प्रबंध किया जा सकता है।

जितनी जल्दी हो सके दुभाषिए के लिए निवेदन कर देना चाहिए। दुभाषिए के लिए निवेदन करते समय हमें निम्नलिखित बातें बताएँ:

- किस भाषा का दुभाषिया चाहिए
- उपभाषा या बोली (यदि आवश्यकता हो तो)
- पुरुष दुभाषिया चाहिए या महिला दुभाषिया (यदि यह महत्त्वपूर्ण है)।

यदि आपके किसी गवाह को या आपके प्रतिनिधि (जैसे कि प्रोपर्टी मैनेजर) को दुभाषिया चाहिए, तो आपको एक उपयुक्त रूप से योग्यता प्राप्त दुभाषिए का प्रबंध स्वयं करना होगा। अधिक जानकारी के लिए कृपया NCAT Registry से संपर्क करें।

दुभाषिए की भूमिका

दुभाषिए की भूमिका है कि वह अलग-अलग भाषाएँ बोलने वाले दो या अधिक पक्षों के बीच हो रहे वार्तालाप की भाषा संबंधी कठिनाई को दूर कर उसे सहज बनाए।

दुभाषिए के लिए अनिवार्य है :

- निष्पक्ष रहना। दुभाषिया आपकी या दूसरे पक्ष की मदद नहीं कर सकता है / सकती है । वे केवल उन्हीं शब्दों का अनुवाद कर सकते हैं जो प्रत्येक व्यक्ति बोल रहा है
- जो भी कहा गया है या भाषांतरित किया गया है उस सब को गोपनीय रखे।

दुभाषिया निम्नलिखित नहीं कर सकता है:

- जो बात कही जा रही है उसमें अपनी तरफ से न कुछ जोड़ सकता है / सकती है, और ना ही उसमें से कुछ छोड़ सकता है / सकती है, वह जो कहा जा रहा है, केवल उसका मौखिक अनुवाद कर सकता है / सकती है।
- आपको सलाह देना या अपने विचार बताना या अन्य किसी प्रकार से सहायता करना
- कार्यवाही को संचालित करना
- समझौते की बातचीत या मामले की सुनवाई से अलग समय में आपसे बात करना

अनुवाद सेवाएँ

यदि आपको केस की सुनवाई के लिए काग़ज़ातों का अँग्रेजी में अनुवाद करवाना है तो Multicultural NSW से या किसी अन्य व्यावसायिक अनुवाद सेवा से संपर्क करें।